# नकली नोटों को खपाने घूम रहा गिरोह

## एसटीएफ कर चुकी है नकली नोट बाजार में खपाने वालों का पर्दाफाश, 500 से लेकर 200, 100 रुपए की नकली करेंसी खपा रहे

**जबलपुर 27 जुलाई. जाली नोटों को खपाने के लिए गिरोह घूम रहा है, सावधान हो जाएं, कहीं आपकी जेब में भी ये नकली नोट न पहुंच जाएं. जून माह में हनुमानताल पुलिस और जुलाई माह में एसटीएफ नकली नोट बाजार में खपाने वालों का पर्दाफाश कर चुकी हैं.**

ये कार्रवाईयां गवाही दे रही है कि शहर में नकली नोटों के सौदागर 500 से लेकर 200, 100 रूपए की नकली करेंसी धड़ल्ले से खपा रहे है. ये नोट हूबहू असली जैसे दिखते है जिन्हें असली नोट की गड्डियों की आड़ में बाजारों में चलाया जा रहा है. बेरोजगार



टारगेट, अमीर बनने का लालच

काली कमाई के इस मकड़ाल में गिरोह के टारगेट पर बेरोजगार होते हैं। जिन्हें जल्द अमीर बनने का लालच दिया जाता है इसके एवज में उन्हें या तो कमीशन पर एजेंट बनाया जाता हैं या फिर उनसे असली नोट लेकर नकली नोट दिए जाते हैं।

**कई राज्यों में फैला है नेटवर्क :** जाली नोट छापने वाले में युवा के साथ नाबालिग और महिलाएं भी शामिल होती हैं। इनका नेटवर्क कई राज्यों में फैला होता हैं इसके अलावा इनके हर जिले में एजेंट भी होते हैं जो कमीशन लेकर नकली नोट की सप्लाई करने में अहम भूमिका निभाते है. नकली नोट सबसे अधिक पेट्रोल पंप, शराब ठेको से लेकर बाजारों, बडे प्रतिष्ठानों पर चलाये जा रहे है. नागरिकों से अपील है कि यदि वे किसी से नकदी का लेनदेन कर रहे हैं तो नोटों की अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। यदि आपने नए नोट मिलने की लालच में बिना जांचे ही उन्हें जेब में रखा तो आपको चपत लगना तय है.

**ऐसे कर रहे तैयार**

गिरोह हाईटेक प्रिंटर, कम्प्यूटर-लैपटॉप के जरिए नकली नोट छाप रहे है पेपर, कटर, कटिंग शीट आदि उपकरणों का इस्तेमाल कर नकली नोट तैयार करने के बाद इन्हें बाजारों में खपाया जा रहा है.

**केस 1**

जबलपुर एसटीएफ ने कटनी में छापेमारी कर ऑनलाइन सेंटर की आड में नकली नोट छापने वाले संचालक को दबोचा जिसके कब्जे से 1 लाख 56 हजार के नकली नोट मिले। 24 जुलाई को आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया था। ऑनलाइन सेंटर में बीते दो साल से नोट छप रहे थे.

**केस 2**

20 जून को हनुमानताल पुलिस ने जाली नोट छापने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया। नौ लाख रूपए से अधिक के नकली नोट के साथ गिरोह के सदस्यों को पकड़ा गया। इस गिरोह ने जबलपुर के अलावा नरसिंहपुर, मंडला समेत कई शहरों में नोट खपाये.

## बगदरा में लैंगिक शोषण और धर्मांतरण का मामला उजागर

**सिंगरौली, 27 जुलाई. बगदरा चौकी क्षेत्र अंतर्गत मुस्लिम युवक द्वारा हिंदू नाबालिक लड़की को बहला फुसला कर लैंगिक शोषण करने और उसका धर्म बदलने के लिए ब्रेनवाश करने का मामला सामने आया है. जहां कैमोर पहाड़ के एक गांव में एक लड़की के साथ लैंगिक शोषण और बका कर धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश कर रहा था ऐसी चर्चाएं जोरों पर है. फिलहाल इस मामले को लेकर पुलिस कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है.**

जानकारी के अनुसार बगदरा चौकी क्षेत्र अंतर्गत एक नाबालिक लड़की के साथ सीधी का रहने वाला आरोपी अफरीन अंसारी पिता इजहार मोहम्मद उमर 21 वर्ष नाबालिक को अकेले पाकर उसका धर्म परिवर्तन करने के लिए ब्रेनवाश करने के आरोप लगाया जा रहा है. चर्चा तो यह भी है की लड़की का लैंगिक शोषण करने के साथ-साथ धर्म परिवर्तन कर निकाह करने का लालच दिया जा रहा था. इस बात की जानकारी स्थानीय ग्रामीणजनों को लगी तो सभी ने सरपंच बीछी से शिकायत की. जहां सरपंच ने इस पूरे मामले की जानकारी बगदरा चौकी प्रभारी बीपी कोल को दीं. सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को घर के अंदर से निकाला. वहीं पुलिस ने ग्रामीणों की शिकायत पर आरोपी युवक को अपने साथ चौंकी ले गई. हालांकि इस मामले को लेकर पुलिस इस मामले को लेकर कोई भी प्रतिक्रिया नहीं दी.

## कचरे के ढेर में मिला नवजात का शव

**नरसिंहपुर.** ग्राम साास-बहू करेली में आज उस वक्त सनसनी फैल गई जब लोगों ने कचरे के ढेर में नवजात बालिका का शव देखा. मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि नवजात के गले में गहरी चोट के निशान है, जिसे देखकर कहा जा रहा था कि नवजात बालिका की हत्या कर फेंका गया है.

पुलिस अधिकारियों के अनुसार सास-बहू गांव में आज दोपहर डेढ़ बजे के लगभग कुछ लोग जब कचरा फेंकने के लिए पहुंचे तो नवजात बालिका की लाश देखी तो पुलिस को खबर दी. बालिका की लाश मिलने की खबर गांव में आग की तरह फैल गई, देखते ही देखते गांव के सैकड़ों लोग एकत्र हो गए,

## शिवपुरी में लगातार बारिश से मकान गिरे

**रेलवे ट्रैक धंसने से रेल यातायात प्रभावित,**

**अटल सागर बांध के 6 गेट खोले गए**

**शिवपुरी 27 जुलाई. जिले में लगातार हो रही बारिश ने जनजीवन को ठप कर दिया है. जलभराव, मिट्टी धंसने और मकानों के गिरने की घटनाएं सामने आ रही हैं. भारी बारिश से कई क्षेत्रों में भारी नुकसान हुआ है. शिवपुरी के रेलवे ट्रैक के धंसने से जिले में रेल यातायात ठप हो गया है.**

भारी बारिश के चलते बदरवास रेलवे स्टेशन से करीब 5 किलोमीटर दूर गुना की ओर ईश्वरी गांव के पास रेलवे ट्रैक के किनारे की मिट्टी धंसक गई. इससे इस मार्ग से गुजरने वाली ट्रेनों का आवागमन प्रभावित हुआ है. रेलवे और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचकर ट्रैक की मरम्मत में जुटी हैं. बैराड़ तहसील के नदौरा गांव में गिर्राज परिहार का मकान बारिश के चलते भरभराकर गिर गया.



**बालीशा गांव में गिरी बिजली**

करैरा क्षेत्र के बालीशा गांव में आकाशीय बिजली गिरने से ओमकार लोधी का मकान ढह गया. हादसे में ओमकार लोधी घायल हो गए हैं और उनका हाथ फ्रैक्चर हो गया. उन्हें ग्वालियर अस्पताल में भर्ती

## 68 .5 लाख रुपए लेकर फरार हुई लुटेरी बहू

**महिला की तलाश में भिंड जाने की तैयारी में पुलिस**

**जबलपुर, 27 जुलाई. सिविल लाइन इलाके में रहने वाली एक लुटेरी बहू 68.50 लाख नगद और जेवरात लेकर फरार हो गई है, जिसके खिलाफ पुलिस एफआईआर दर्ज करने के बाद उसकी खोजबीन में जुटी है. साथ ही सायबर पुलिस से भी पत्राचार किया जा रहा है ताकि उसकी लोकेशन ट्रेस हो सके.**

प्रारंभिक जांच में पुलिस को यह जानकारी मिली है कि वह भिंड की रहने वाली थी और संभवत: वहां फरारी काट रही है, जिसकी तलाश में अब पुलिस ग्वालियर भिंड जाने की तैयारी में हैं. पुलिस के मुताबिक दिनेश कुमार चौबे 66 वर्ष निवासी साई बाबा मंदिर के सामने राजकुमारी भवन डुप्लेकस नम्बर 02 थाना सिविल लाईन ने नौ जुलाई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके बेटे कार्तिकय चौबे ने पूजा गुर्जर (चौबे) से 13 जुलाई 2021 को प्रेम विवाह किया था, तभी से बहू और बेटा उसके घर पर रहते थे. सिविल लाईन थाने के आगे कचनार कैसल्य में डूप्लेक्स खरीदने के लिए किशोर कुकरेजा निवासी तिलहरी गोराबाजार से 52 लाख 50 हजार रूपये में सौदा किया था. फर्नीचर की अतिरिक्त राशि 10 लाख रूपये का भुगतान किया जाना था, जिसकी राशि उसके द्वारा स्वंय कि आय से 18 लाख 50 हजार रूपये, अन्य रिश्तेदारों से राशि उधार लेकर एकत्रित किया था. 15 लाख के जेवरात उसके पूर्वज एवं स्वंय के विवाह के समय के थे जिन्हे अपनी बहु पूजा गुर्जर (चौबे) को सुरक्षित घर में रखे जाने के लिए दिया था। उसे रूपयो कि आवश्यकता पड़ी तो लडके कार्तिकय चौबे के साथ ऊपर के कमरे के पलंग के बाक्स में जहां रूपये एवं जेवरात बहु से रखवाये थे, देखा तो रखे हुए रुपये एवं जेवर नही मिले. इसके बाद पता चला कि बहू कुल राशि 68 लाख 50 हजार रुपये नगद एवं घर में रखे जेवर घर से लेकर फरार हो गई है.




**टैक्स की चोरी की**

पुलिस ने रिपोर्ट पर पूजा गुर्जर चौबे के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पतासाजी कर रही है. पुलिस को जानकारी मिली है कि वह भिंड मुरैना की रहने वाली थी जिसके चलते अब पुलिस वहां छापेमारी करने की तैयारी में है. इसके साथ ही इस मामले में साइबर पुलिस की भी मदद ली जा रही है.

## गर्भवती ने सड़क पर दिया बच्चे को जन्म

### गांव तक नहीं पहुंची एंबुलेंस, चारपाई पर ले गए परिजन

**सीधी (सेमरिया). सड़क नहीं होने से गर्भवती महिला को लेने गई एंबुलेंस दो किलोमीटर पहले ही रूक गई. परिजन गर्भवती महिला को चारपाई में लेकर एंबुलेंस तक पहुंचे. बाद में महिला ने रास्ते में ही नवजात को जन्म दिया.**

दरअसल सेमरिया थाना अंतर्गत बरिगवां गांव में सड़क नहीं होने के कारण एक आदिवासी गर्भवती महिला को समय पर अस्पताल नहीं पहुंचाया जा सका. जानकारी के मुताबिक और रविवार की सुबह 9 बजे के आसपास एक गर्भवती महिला प्रीति रावत को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन खाट पर लादकर अस्पताल ले जाने पर मजबूर हुए. एंबुलेंस तो मुख्य रोड में आ गई थी लेकिन सड़क न होने से घर से 2 किलोमीटर पहले ही एंबुलेंस रूक गई. अस्पताल लाते वक्त बीच रास्ते में ही महिला का प्रसव हो गया. बाद में महिला और नवजात को सेमरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां दोनों की हालत अब स्थिर है. ग्राम बरिगवां की आबादी लगभग 70 लोगों की है, लेकिन आजादी के इतने सालों बाद भी पक्की सड़क नहीं बनी.



## अवैध मदिरा के विरूद्ध आबकारी व पुलिस की संयुक्त कार्यवाही

**रीवा 27 जुलाई. आबकारी टीम वृत्त चाकघाट एवं पुलिस टीम थाना चाकघाट द्वारा वृत्त चाकघाट में अवैध मदिरा आसवन एवम निर्माण के विरुद्ध कार्यवाही की गई.**

रविवार की कार्यवाही में मल्लहटी टोला चाकघाट में दिनेश उर्फ नेता मांझी के रिहायशी मकान से 2 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, निर्मला मांझी के रिहायशी मकान से 400 किलोग्राम महुआ लाहन, गीता मांझी के रिहायशी मकान से 440 किलोग्राम महुआ लाहन, नंदिनी मांझी के रिहायशी मकान से 160 किलोग्राम महुआ लाहन, कुसुमकली मांझी के रिहायशी मकान से 120 किलोग्राम महुआ लाहन, सुनीता मांझी के रिहायशी मकान से 120 किलोग्राम महुआ लाहन, सुग्गन मांझी के रिहायशी मकान से 120 किलोग्राम महुआ लाहन, रमेश मांझी के रिहायशी मकान से 5 लीटर हाथ भट्टी मदिरा बरामद कर प्रकरण दर्ज किये गये है.



## बाइक फिसली, ट्रेलर ने मजदूरों को कुचला

**एक की मौत, दो घायल, बीना में हुआ हादसा**

**मृतक चितरंगी का रहने वाला**

**शक्तिनगर, 27 जुलाई. सड़क पर जमा कोल डस्ट पर बाइक फिसलने के बाद पीछे से आ रहे ट्रेलर ने सवारों को कुचल दिया. हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई. दो घायलों को हालत गंभीर है. दोनों को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है.**

मृतक पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश के सिंगरौली का रहने वाला था. घटना बीना पुलिस चौकी क्षेत्र में स्थित बस स्टैंड पर शनिवार रात साढ़े दस बजे करीब हुई. बताया जा रहा है कि अनपरा से शक्तिनगर की ओर जा रहा तेज रफ्तार ट्रेलर आगे चल रहे बाइक सवार मजदूरों को कुचल दिया. इससे एक की मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई. दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए. जिन्हे मौके पर पंहुची पुलिस ने ट्रामा सेंटर बैढ़न में भर्ती कराया. पुलिस ट्रेलर व शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गई है.

बताया जा रहा है कि दो भाई सुरेश (25) एवं अखिलेश (24) निवासी प्रेमनगर, वाट्रफनगर छत्तीसगढ़ व शिव कुमार (27) निवासी दुअरा चितरंगी (मप्र) बीना में रहकर मजदूरी का कार्य करते थे. शनिवार रात तीनों एक ही बाइक से कार्य स्थल से थोड़ी दूर पर स्थित कमरे पर जाने के लिए निकले. बीना बस स्टैंड के पास उनकी बाइक सड़क पर फिसल गई तो सभी गिर गए. इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार खाली ट्रेलर ने बाइक सवारों को कुचल दिया. इससे मौके पर ही शिव कुमार (27) की मौत हो गई. सुरेश एवं अखिलेश गंभीर रूप से घायल हो गए. सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को उठवा कर ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया. बताया जा रहा है कि दोनों का उपचार चल रहा है लेकिन हालत गंभीर है.




## नामी होटल में सजाया हाई प्रोफाइल जुआ फड़

**स्पेशल टीम ने कार्रवाई कर 12 आरोपियों को पकड़ा**

**जबलपुर 27 जुलाई. पाटन मंडी के पास स्थित किंग्सवे होटल में सजे हाईप्रोफाइल जुआ फड़ पर पुलिस ने छापा मार कार्रवाई करते हुए 12 जुआरियों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से नगद 1 लाख 68 हजार रूपये, 13 मोबाइल, 4 कारें एवं 1 बुलेट मोटर सायकल जप्त की गई. जबकि होटल संचालक फरार हो गया है.**

सूत्रों की माने तो यह जुआ फड़ लंबे समय से संचालित था. जिसकी भनक पाटन थाना पुलिस को भी थी लेकिन कार्रवाई नहीं हो रही थी, जानकारी के मुताबिक होटल में जुआ फड़ सजे होने की सूचना सीधे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आनंद कलादगी को मिली थी. पुलिस की संयुक्त टीम ने पाटन स्थित किंग्सवे होटल में दबिश देकर रूपयों की हारजीत का दांव लगा रहे आरोपियों को गिरफ्तार किया.



## ग्वालियर के श्रद्धालुओं की यूपी में मौत

### दर्दनाक हादसे में पति-पत्नी समेत तीन की गई जान

**ग्वालियर 27 जुलाई.** उत्तरप्रदेश के सहारनपुर जिले में एक भीषण सड़क हादसे में ग्वालियर अंचल के तीन श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत हो गई. ये सभी हरिद्वार गंगा स्नान के लिए जा रहे थे. हादसा सरसावा थाना क्षेत्र के मन्नत ढालबे के पास हुआ, जब एक कार सड़क किनारे खड़े रेत से लदे ट्रक से जा टकराई. इस घटना में एक ही परिवार के सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें सहारनपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

गाड़ी चला रहे सूरज जो खुद गुना जिले के कुंभराज के रहने वाले हैं, ने बताया कि वे सभी तीर्थ यात्रा पर निकले थे और अंतिम पड़ाव हरिद्वार का था, जहां गंगा स्नान कर वे लौटने वाले थे. जैसे ही उनकी कार सहारनपुर के सरसावा इलाके में मन्नत ढाबे के पास पहुंची. तेज रफ्तार डंपर सामने से ओवरटेक करता हुआ आया. उससे बचने की कोशिश में उनकी कार किनारे खड़े ट्रक में घुस गई. कार में सवार लोगों को पुलिस और लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला. मौके पर ही 3 लोगों की मौत हो गई, पवन (30), रुक्मणि (28) पवन की पत्नी, हरिनारायण (55). इनके शवों को पुलिस ने कब्जे में लेकर सहारनपुर मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया है.



**घायल अस्पताल में भर्ती**

हादसे में लक्ष्मण, रेखा, निरंजन, विमला, दशरथ, रचना और कृष्णा गंभीर रूप से घायल हुए हैं. सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कर इलाज जारी है. अस्पताल प्रशासन के अनुसार, कुछ की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है. जानकारी मिलते ही गुना से अन्य परिजन भी सहारनपुर के लिए रवाना हो चुके हैं.

## पिकअप-बाइक की टक्कर, एक की मौत

**पन्ना.** तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दिया. टक्कर लगने पर एक युवक पिकअप के पहिए के नीचे आकर कुचल गया, जिसने उसने मौंके पर ही दम तोड़ दिया. वहीं दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है. थाना प्रभारी कोतवाली रोहित मिश्रा ने बताया, पन्ना निवासी गौरी शंकर लखेरा, प्रियांशु त्रिपाठी और श्रवण रिछारिया रानीपुर की ओर बाइक में सवार होकर घूमने गए थे. तीनो घूमकर लौट रहे थे. तभी दहलान चौकी और रानीपुर के बीच बाइक को पिकअप वाहन ने टक्कर मार दिया. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया, पिकअप वाहन की टक्कर के बाद गौरी पहिए के नीचे आकर कुचल गया.

## स्पा सेंटर में आधा दर्जन उत्पातियों ने मचाया उत्पात

**आरोपियों ने लड़कियों के साथ की गाली गलौज**

**सिंगरौली, 27 जुलाई. कोतवाली थाना क्षेत्र बैढ़न के बिलौंजी स्थित एक स्पा सेंटर बीते दिनों की रात आधा दर्जन उत्पातियों ने उत्पात मचाया.**

बताया जाता है कि स्पा सेंटर में काम करने वाली लड़कियों के साथ ही अभद्रता की गई. जहां पुलिस को सूचना दी गई. जहां मौके पर पहुंची पुलिस ने उत्पातियों को उठा कर थाने ले गई. सूत्रों की बातों पर गौर करे तो बीते दिनों बिलौंजी के एक स्पा सेंटर पर तकरीबन 9-10 बजे रात के करीब आधा दर्जन शराबियों ने नशे में चूर होकर स्पा सेंटर पहुंचे. जहां स्पा सेंटर को खोलवाने का प्रयास करने लगे. स्पा सेंटर के संचालक व लड़कियों के साथ उत्पातियों ने गाली-गलौज करने लगे. मामला काफी तूल पकड़ने लगा तो पुलिस को दी गई. पुलिस ने भी स्पा सेंटर का मामला होने के चलते पहुंची और उत्पातियों को थाने ले गई. लड़कियों के साथ धक्कामुक्की भी की गई.




**नई सुविधा** ▶ अब कंट्रोल रूम में मिलेगी एफआरबी की लाइव लोकेशन

## अब डॉयल 100 होगा 112, पुराने वाहन होंगे लग्जरी

**दमोह 27 जुलाई.** आजादी के पर्व यानि 15 अगस्त के पूर्व मध्यप्रदेश में इमरजेंसी सेवा 100 डॉयल अब बंद होने जा रही है. अब 112 डॉयल के साथ नई सेवा प्रारंभ हो रही है. अब शहरी क्षेत्र के लिए स्कॉर्पियो-एन व ग्रामीण क्षेत्रों के लिए बोलेरो नियो प्लस तैनात की जा रही है. मप्र सरकार अब इमरजेंसी सेवा 100 डॉयल में बहुत बड़ा बदलाव करने जा रही है. जिसमें सेवा का नया नंबर डॉयल 112 रखा गया है. पहले शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लिए स्कार्पियो एक ही कंपनी के वाहन तैनात थे. लेकिन अब नई फर्स्ट रिस्पांस व्हीकल एफआरवी जो 1200 की संख्या में तैनात की जाएंगी. उनमें 600 स्कॉर्पियो-एन शहरी क्षेत्रों के लिए होगी. 600 बोलेरो नियो प्लस ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा देगी. यह वाहन अत्याधुनिक तकनीकी से लैस होंगे. जिसमें जीपीएस, वायरलेस, डिजिटल, नेविगेशन सिस्टम, और लाइव लोकेशन ट्रैकिंग शामिल रहेगी. शहर में चलने वाली एफआरबी में स्थायी रूप से स्ट्रेचर की व्यवस्था की जाएगी. वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में जरुरत के मुताबिक स्ट्रेचर वाहनों में रखा जाएगा. पहले के वाहनों में स्ट्रेचर की सुविधा नहीं थी.




**लाइव लोकेशन रहेगी अहम**

नई एफआरबी में सबसे अहम लाइव लोकेशन की तकनीकी रहेगी. कंट्रोल टीम पर वाहन पर बराबर नजर रहेगी. कब कहां से निकला और कहां पहुंचा. जिससे पूर्व में लगने वाले आरोपों से निजात मिलेगी कि वाहन विलंब से पहुंचा. वहीं शिकायतकर्ता की भी जीपीएस से ट्रैकिंग होगी. जिससे शिकायतकर्ता तक पहुंचने की भी लाइव लोकेशन से पता खोजने में समय नहीं लगेगा.

**एक साथ 100 कॉल होंगी रिसीव**

100 डॉयल का नंबर बदलकर 112 किया जा रहा है, लेकिन इसमें यह क्षमता है कि यदि एक साथ 100 मोबाइल फोन से सहायता मांगी जाएगी, तो कॉल रिसीव हो जाएगी. पहले की तरह वेटिंग कॉल नहीं आएगी. इसके लिए कंट्रोल रूम में 100 कॉल टेकर्स और 30 डिस्पेचर लगाए जाने की व्यवस्था की जा रही है. इसके अलावा कॉलर्स की गोपनीयता बनाए रखने के लिए कॉल मास्किंग की सुविधा भी दी जाएगी.

## टैंकर पलटा, डीजल भरने के लिए लोगों में लगी होड़



**सिगरौली 27 जुलाई. रविवार आज सुबह सिंगरौली जयंत मार्ग पर मूड़वानी डेम के समीप एक तेज रफ्तार डीजल टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया.**

बताया जा रहा है कि आर आर मोटर्स का टैंकर क्रमांक जीजे39टी7523 गुजरात से डीजल लोड कर रीवा के मार्ग से होते हुए सोनभद्र के खड़िया में किसी निजी कंपनी के कैंप में डीजल की आपूर्ति करने जा रहा था. चालक को इस मार्ग का सही अंदेशा नहीं था, इसीलिए मुड़वानी के घुमावदार पहाड़ी पर तेज रफ्तार डीजल टैंकर को संभालते संभालते अंतत: व पलट गया. पुलिस के मुताबिक घटना के बाद टैंकर चालक मौके से फरार हो गया.

## मेघदूत नगर के भूखंडों का आवंटन निरस्त

**मंदसौर.** वर्ष 1990-92 के बीच नगर सुधार न्यास द्वारा मेघदूत नगर में नियमविरुद्ध तरीके से आवंटित 92 भूखंडों को निरस्त कर अब मंदसौर नगर पालिका द्वारा उनकी नीलामी की जाएगी. इस कार्रवाई से नगर पालिका को लाखों रुपये का राजस्व प्राप्त होगा. पूर्व पार्षद विजय गुर्जर ने बताया कि इस अनियमितता की जांच हेतु जगतपति जांच समिति का गठन हुआ था, जिसकी रिपोर्ट के आधार पर वर्ष 2003 में शासन ने भूखंड आवंटन को निरस्त करने का आदेश दिया. इस संबंध में उन्होंने 2018 में नगरी प्रशासन मंत्री को पत्र लिखा था, जिसके बाद 1 मई 2003 को आदेश जारी हुए. 92 भूखंडों को निरस्त करने की प्रक्रिया में करीब 21 वर्ष लगे.